हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 22 मार्च 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO, 10, TOP

लगातार पांचवीं बार खिताब जीतने का रेलवे का सपना टूटा

हैंडबॉल चैंपियनशिप पर हिमाचल का कब्जा

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

49वीं राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल ने फाइनल मैच जीता।

राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में हिमाचल प्रदेश ने उलटफेर करते हुए भारतीय रेलवे को 27-24 से हरा दिया। रेलवे की टीम का लगातार पांचवीं बार जीत हासिल करने का सपना टूट गया। उत्तर प्रदेश और हरियाणा संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर रहे।

रविवार को फाइनल मैच स्टेडियम में खेला गया। बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने पहुंचे। विजेता टीम को केंद्रीय मंत्री संतोष ने ट्रॉफी दी। मेयर डॉ उमेश गौतम, यूपी हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सुधीर महादेव बोवड़े, खेल निदेशक डॉ आर पी सिंह, भारतीय हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष जगन मोहन राय, डीएम नितीश कुमार, एडीजी बरेली जोन अवनीश चंद्र आदि ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

राष्ट्रीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय ,यूपी हैंडबॉल संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, जिला ओलंपिक संघ के चेयरमैन डॉ विनय खंडेलवाल, अध्यक्ष आशीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार, डॉ. मनीष कुमार, मुकेश गुप्ता, आदित्य मूर्ति, डॉ एमएस बासु आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मारफत रजा जैदी और शिल्पी दीक्षित ने किया।